# भारत के गवर्नर जनरल तथा वायसराय

## बंगाल के गवर्नर

**रॉबर्ट क्लाइव (1757-60) और (1765-67)**

- 1757 का प्लासी का युद्ध
- बंगाल के समस्त क्षेत्र के लिए उप-दीवान नियुक्त बंगाल के लिए मुहम्मद रजा खाँ, बिहार के लिये राजा शिताबराय तथा उड़ीसा के लिये रायदुर्लभ की नियुक्ति की।
- बंगाल में द्वैध शासन का जनक
- श्वेत विद्रोह
- 1765 में इलाहाबाद की संधियाँ (अवध के नवाब शुजाउदौला एवं मुगल सम्राट शाहआलम द्वितीय के साथ)
- सलाावत जंग तथा आलमीर-II द्वारा 'उमरा' की उपाधि दी गई।
- क्लाइव ने सेना के तीन केंद्रो की स्थापना की-इलाहाबाद, मुगेंर व बांकीपुर (पश्चिम बंगाल)

**वेन्सिटार्ट (1760-64)**

- बक्कसर का युद्ध (1764)

**कर्टियर (1769-72)**

- बंगाल में अकाल (1770)

**वारेन हेस्टिंग्स (1772-74)**

- बंगाल का अंतिम गवर्नर
- बंगाल में द्वैध शासन को समाप्त किया।
- 1772 में प्रत्येक जिले में एक फौजदारी तथा दीवानी अदालतों की स्थापना।

## बंगाल के गवर्नर जनरल

**वारेन हेस्टिंग्स (1774-85)**

- रेग्युलेर्टिंग एक्ट (1773) के तहत वारेन हेस्टिंग्स को बंगाल प्रथम गवर्नर जनरल बनाया गया।
- 1781 का अधिनियम इसके तहत गवर्नर जनरल तथा उसकी कांउसिल एवं कलकत्ता उच्च न्यायालय के मध्य शक्तियों का कार्यक्षेत्र स्पष्ट रूप से विभाजित कर दिया जाता गया।
- नंद कुमार पर अभयोग लगाकर फाँसी, इस मुकदमों को 'न्यायिक हत्या' की संज्ञा दी जाती है।
- 1781 में मुस्लिम शिक्षा सुधार के लिये कलकत्ता में प्रथम मदरसा स्थापित
- 1775-82 का प्रथम मराठा युद्ध तथा 1782 में सालबाई की संधि।

Ranjeet Yadav Sir

- ☞ 1780-84 का द्वितीय आंग्ल-मैसूर युद्ध व मंगलौर की संधि।
- ☞ 1784 का पिट्स इंडिया एक्ट, जिसमें परिषद् के सदस्यों की संख्या 4 से घटाकर 3 कर दी गई।
- ☞ 1784 में विलियम जोंस द्वारा 'एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल' की स्थापना।
- ☞ चार्ल्स विलयिम द्वारा 'गीता व हितोपदेश' का अंग्रेजी में अनुवाद
- ☞ राजकीय कोषगार मुर्शिदाबाद से कलकत्ता स्थानांतरित।
- ☞ इजारेदारी प्रथा का प्रारंभ।
- ☞ हिंदू और मुस्लिम कानूनों को सहिंताबद्ध किया।
- ☞ देशी रियासतों के साथ घेरे की नीति अपनाई।
- ☞ 1775 में आसफद्दौला के साथ फैजाबाद की संधि

Note: पिट्स इंडिया एक्ट (1784) के विरोध में इस्तीफा देकर जब वारेन हेस्टिंग्स 1785 में इंग्लैण्ड पहुचा तो एडमंड बर्क द्वारा उसके ऊपर महाभियोग का मुकदमा दायर किया गया परंतु 1795 मे इसे सभी आरोपों से मुक्त कर दिया गया।

**लॉर्ड कॉर्नवालिस (1786-1793 और 1805)**

- ☞ जिले के समस्त अधिकार कलेक्टर के हाथ में सौंप दिये गए।
- ☞ तृतीय आंग्ल-मैसूर युद्ध (1790-92) तथा श्रीरंगपट्टनम की संधि (1792)
- ☞ कॉर्नवालिस संहिता का निर्माण (1793) जिसमें अनेक न्यायिक सुधारों का उल्लेख था न्यायिक विभाग का राजस्व विभाग से पृथक्करण। 'शक्ति का पृथक्करण' का सिद्धांत लागू किया।
- ☞ 1790 -92 में भारतीय न्यायधीशों से युक्त जिला फौजदारी न्यायालयों को समाप्त कर 4 सर्किट कोर्ट (कलकत्ता, ढाका, मुर्शिदाबाद, पटना) की स्थापना की गई
- ☞ बंगाल प्रांत में स्थायी बंदोबस्त पद्धति (1793) लागू।
- ☞ भारत में नागरिक सेवा का जनक (प्रशासन का यूरोपीयकरण तथा सिविल सेवाएँ प्रारंभ की)
- ☞ पुलिस व्यवस्था के जनक भी कॉर्नवालिस ही माने जाते है।
- ☞ एकमात्र गवर्नर जनरल जिसकी समाधि भारत में गाजीपुर में स्थित है।

**सर जॉन शोर (1793-1798 )**

- ☞ 1793 का चार्टर अधिनियम
- ☞ अहस्तक्षेप की नीति अपनाई/देशी राज्यों के प्रति तटस्थता की नीति अपनाई लेकिन अपवाद स्वरूप अवध के उत्तराधिकार विषय पर हस्तक्षेप किया।
- ☞ निजाम एवं मराठों के बीच खुर्दा की लड़ाई (1795)

Ranjeet Yadav Sir

**लॉर्ड वेलेजली (1798-1805 )**

- सहायक संधि की नीति (1798) सबसे पहले 1798 में यह संधि हैदराबाद के निजाम से हुई
- चौथा आंग्ल–मैसूर युद्ध (1799)- टीपू सुल्तान मारा गया।
- मैसूर (1799), तंजौर (1799) तथा अवधा (1801) का प्रशासन अपने हाथों में ले लिया
- बसीन की संधि (1802)
- द्वितीय आंग्ल–मराठा युद्ध (1803-05)
- 1799 में प्रेस पर सेंसर लगाया गया, जो कि भारतीय प्रेस पर प्रतिबंध लगाने की पहली घटना मानी जाती है। इसके अंतर्गत अब संपादक मुद्रक व स्वामी का नाम स्पष्ट रूप से छापना होता था और सभी प्रकार के तत्त्वों/प्रकाशक सामग्री की सरकार के पास प्रींसेसरशिप हेतु भेजना होता था।
- लॉर्ड लेक के नेतृत्व मे 1803 में अग्रेजो ने लाल किले पर कब्जा कर लिया और ऑक्टरलोनी लाल किले का पहला ब्रिटिश रेजिडेंट बना।
- 1802 में एमिन्स की संधि के तहत पॉण्डिचेरी पुनः फ्रॉसीसियों को दे दी गई।
- कलकत्ता मे फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना (1800) सिविल सेवकों के प्रशिक्षण हेतु की थी, किंतु 1802 में इसको बंद कर हेलबरी में ही प्रशिक्षण दिया गया।

**सर जॉर्ज (1805-07 )**

- रियासतों में अहसतक्षेप की नीति का समर्थक
- वेल्लोर का सिपाही विद्रोह (1806)

**लॉर्ड मिंटो प्रथम (1807-13)**

- रणजीत सिंह के साथ अमृतसर की संधि (अप्रैल 1809)
- सिधं के साथ शाश्वत मित्रता की संधि की

**लॉर्ड हेस्टिंग्स (1813-23)**

- आंग्ल–नेपाल युद्ध (1814-16) तथा सुगौली की संधि (1816)
- तृतीय आंग्ल मराठा युद्ध 1816-19 तथा मराठा परिसंघ का कंपनी के साम्राज्य में विलय।
- सुगौली की संधि के बाद हेस्टिग्स को 'मारक्वेस ऑफ हेस्टिंग्स की उपाधि' दी गई।
- 1818 में ब्रिटिश रेजिडेंट चार्ल्स मेटकॉफ ने राजपूत रियासतों के साथ संधि की।
- पिंडारियों का दमन व पेशवा पद की समाप्ति की घोषणा की।
- रैय्यतवाड़ी बंदोबस्त (1820) लागू–मद्रास के गवर्नर टॉमस मुनरों द्वारा, 1822 में हाल्ट मैकेजी द्वारा पंजाब मे महालवाड़ी व्यवस्था की शुरूआत।



Ranjeet Yadav Sir

☞ 1822 का टैनेंसी एक्ट या काश्तकारी अधिनियम लागू (बंगाल में)

**लॉर्ड एमहर्स्ट (1823-28)**

☞ प्रथम आंग्ल-बर्मा युद्ध (1824-1826) तथा यान्दबू की संधि (1826)

☞ 1824 में बैरकपुर का सैन्य विद्रोह

**लॉर्ड विलियम बेंटिक (1828-33)**

☞ सती प्रथा पर रोक (1829)

☞ ठगी प्रथा का अंत (1830) कर्नल स्लीमन ने ठगों के विरूद्ध अभियान चलाया।

☞ सरकारी सेवाओं में भेदभाव का अंत 1833 के चार्टर एक्ट की धारा -87 के तहत योग्यता को ही सेवा का आधार स्वीकार कर लिया गया।

☞ कलकत्ता मेडिकल कॉलेज की नींव रखी।

☞ कॉर्नवालिस द्वारा स्थापित सर्किट कोर्ट को बंद किया व न्यायालयों में फारसी भाषा के स्थान पर देशी भाषाओं को अपनाया गया।

**भारत के गवर्नर जनरल**

**लॉर्ड विलियम बेंटिक (1833-35)**

☞ 1833 के चार्टर एक्ट द्वारा बंगाल के गवर्नर जनरल को भारत का गवर्नद जनरल बना दिया गया (भारत का प्रथम गवर्नर जनरल लॉर्ड विलियम बेटिक)

☞ अफीम के व्यापार को नियमित किया और अब यह केवल बंबई से निर्यात की जा सकती थी।

☞ आगरा प्रेसिडेसी का 1834 में निर्माण किया।

☞ विधि आयागे का गठन किया गया।

☞ 1835 का शिक्षा संबंधी प्रस्ताव-शिक्षा सुधार तथा अंग्रेजी भाषा को उच्च शिक्षा का माध्यम बनाए जाने की घोषणा।

☞ कुप्रशासन के आधार पर मैसूर, कर्ग एवं कछार की रियासतों का विलय।

**लॉर्ड मैटकॉफ (1835-36)**

☞ भारतीय प्रेस का मुक्तिदाता

**लॉर्ड ऑकलैड (1836-42)**

☞ प्रथम आंग्ल-अफगान युद्ध (1839-42)

☞ भारत में शिक्षा एवं पाश्चात्य चिकित्सा पद्धति का विकास।

☞ शेरशाह सूरी मार्ग का नाम बदलकर जी.टी. रोड रखा गया।



Ranjeet Yadav Sir

- ☞ 1838 में ऑकलैड, रणजीत सिंह और अफगान शासक शाहशुजा के साथ त्रिपक्षीय संधि।

**लॉर्ड एलनबरों (1842-44)**

- ☞ 'ओल्ड मैन इन हरी' उपनाम सिंध का विलय (1843)
- ☞ भारत में दास प्रथा का अंत (1843 के 'अधिनियम 5')
- ☞ 1843-44 में ही देशी भाषा में ग्रामीण शिक्षा के विकास के लिये थॉमसन योजना प्रस्तुत की गई।

**लॉर्ड हार्डिंग प्रथम (1844-1848)**

- ☞ प्रथम आंग्ल-सिख युद्ध (1845-46) एवं लाहौर की संधि (1849)
- ☞ खोंड जनजाति के बीच प्रचलित नरबलि प्रथा पर रोक

**लॉर्ड डलहौजी (1848-1856)**

- ☞ द्वितीय आंग्ल-सिख युद्ध (1848-49) पंजाब का कंपनी साम्राज्य में विलय (1849)
- ☞ द्वितीय आंग्ल-वर्मा युद्ध (1851-52) तथा लोअर बर्मा तथा पेगू का अधिग्रहण (1852)
- ☞ चार्ल्स वुड की शिक्षा नीति (1854)
- ☞ व्यपगत सिद्धांत लागू इसके अंतर्गत सतारा (1848), जैतपुर व संबलपुर (1849), बघाट (1850), उदयपुर (1852), झाँसी (1853), नागपुर (1854) तथा अवध (1856) का कंपनी साम्राज्य में विलय।
- ☞ 1855 में करौली का भी विलय किया गया, किंतु इसे बोर्ड ऑफ कंट्रोल ने मान्यता नहीं दीं अर्थात् इसे वापस लौटाना पड़ा।
- ☞ अवध का विलय आउट्म रिपोर्ट के आधार पर कुप्रशासन का आरोप लगाकर कर लिया गया।
- ☞ 1853 में बंबई एवं थाणे/थाना के बीच प्रथम रेल चली।
- ☞ 1854 में डाकघर अधिनियम पारित।
- ☞ भारत के बंदरगाहों को अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के लिये खोल दिया गया।
- ☞ विधवा पुनर्विवाह अधिनियम (1856) का मसौदा तैयार किया गया।
- ☞ सिक्किम को भारत में मिला लिया गया।
- ☞ लार्ड उलहौजी द्वारा पी.डब्ल्यू.डी की भी स्थापना की गई और इसी के तहत गंगा-नहर का निर्माण हुआ तथा पंजाब में बारी दोआब में दो नहरों का निर्माण हुआ।
- ☞ बंगाल के लिये इसने उप-गवर्नर का पद सुजित किया था जो प्रदेश नए-नए अधिगृहीत किये गए थे, उन्हें प्रत्यक्ष शासन में ले लिया। इसे 'नॉन-रेग्यूलेशन सिस्टम' कहा गया।
- ☞ 1854 में शिक्षा सुधार के लिये वुड डिस्पैच आया इसे भारतीय शिक्षा का मैग्नाकार्टा कहा जाता है।

Ranjeet Yadav Sir

इसने मैकाले की 'टपकन पद्धति' को त्याग दिया और प्रारंभिक शिक्षा देशी भाषा में देने की अनुशंसा के साथ ही स्त्री शिक्षा तथा निजी क्षेत्रों को भी शिक्षा में निवेश की अनुशंसा की।

☞ डलहौजी ने ग्रीष्मकालीन राजधनी शिमला को बनाया और वहाँ एक सैन्य मुख्यालय भी गठित किया । डलहौजी को यह श्रेय दिया जाता है कि उसने सैन्य विभाग को सार्वजनिक विभाग से अलग कर एक नया विभाग बना दिया।

☞ सिक्किम को भारत में मिला लिया।

**लॉर्ड केनिगं (1856-1857)**

☞ 1857 के कलकत्ता, मद्रास एवं बंबई में तीन नए विश्वविद्यालयों की स्थापना।

☞ भारत का अंतिम गवर्नर जनरल।

☞ 1857 का विद्रोह।

**भारत के वायसराय**

**लॉर्ड केनिगं (1858-1862)**

☞ भारत का प्रथम वायसराय

☞ 1858 का भारत शासन अधिनियम-कंपनी के शासन की समाप्ति तथा शासन का प्रत्यक्ष नियंत्रण ब्रिटिश ताज के हाथों में।

☞ विधवा पुनर्विवाह अधिनियम 1856 लागू किया गया (ईश्वरचंद्र विद्यासागर की महत्त्वपूर्ण भूमिका)

☞ सितंबर 1859 में नील विद्रोह

☞ यूरोपीय सेना द्वारा श्वेत विद्रोह (1859)

☞ नागरिक विधि संहिता (1859), भारतीय दंड संहिता (1860) तथा फौजदारी विधि संहिता (1861) का निर्माण।

☞ भारतीय परिषद् अधिनियम (1861) पारित हुआ।

☞ 1861 में हाई कोर्ट एक्ट पारित हुआ तथा संपूर्ण देश में एक ही दंड संहिता लागू की गई।

☞ भारत में पहली बार आयकर लगाया गया, जिसे ब्रिटिश अर्थशास्त्री विल्सन द्वारा प्रस्तुत किया गया।

**लॉर्ड एल्गिन प्रथम (1862-1863)**

☞ वहाबी आंदोलन का दमन

**लॉर्ड जॉन लारेंस (1864-1869)**

☞ भूटान युद्ध 1865

Ranjeet Yadav Sir

- ☞ इसी के समय उड़ीसा में सन् 1866 में तथा बुंदेलखंड एवं राजपूताना में 1868-69 में भीषण अकाल पड़ा, कैपबंल के नेतृत्व में एक अकाल आयोग की स्थापना की ।
- ☞ अफगानिस्तान में अहस्तक्षेप की नीति का पालन किया।
- ☞ 1865 में बंबई, कलकत्ता व मद्रास में हाइकोर्ट की स्थापना हुई।

**लॉर्ड मेयो (1869-1875)**

- ☞ भारतीय युवराजों के अध्ययन के लिये अजमेर में मेयो कॉलेज की स्थापना।
- ☞ आर्थिक विकेंद्रीकरण की नीति आरंभ की।
- ☞ कृषि विभाग की स्थापना।
- ☞ 1872 में भारत की पहली जनगणना।
- ☞ सांख्यिकी सर्वेक्षण विभाग का गठन किया गया।
- ☞ पोर्ट ब्लेयर मे इसकी हत्या कर दी गई।

**लॉर्ड नार्थब्रुक (1872-1876)**

- ☞ प्रिंस ऑफ वेल्स की भारत यात्रा (1875-76)
- ☞ अलीगढ़ में सैय्यद अहमद खाँ द्वारा मोहम्मडन एंग्लों ओरिएटल कॉलेज को प्रोत्साहित किया।
- ☞ 1872 में पंजाब में कुका विद्रोह कर दमन।

**लॉर्ड लिटन (1876-1880)**

- ☞ लिटन विख्यात कवि, उपन्यासकार और निबंध लेखक था तथा साहित्य जगत् में 'ओवन मेंरिडिथ' नाम से जाना जाता था।
- ☞ 1876-78 में भयंकर दुर्भिक्ष(अकाल) जिसमें मद्रास, बंबई, मैसूर, हैदराबाद, मध्य भारत के कई हिस्से तथा पंजाब बुरी तरह प्रभावित हुए। रिचर्ड स्ट्रेची की अध्यक्षता में अकाल आयोग की नियुक्ति।
- ☞ राजकीय उपाधि अधिनियम (1876) पारित
- ☞ प्रथम दिल्ली दरबार का आयोजन (1 जनवरी 1877) ब्रिटेन की महारानी विक्टोरिया की 'कैसर–ए–हिंद' की उपाधि से विभूषित किया गया।
- ☞ वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट (1878) पारित कर देशी। भाषा के भारतीय समाचार पत्रों पर कठोर प्रतिबंध लगा दिया गया।
- ☞ 1878 में ही भारतीय शस्त्र अधिनियम पारित करके शस्त्र रखने एवं इसके व्यापार के लिये लाइसेंस लेना अनिवार्य कर दिया गया।


Ranjeet Yadav Sir

- द्वितीय आंग्ल-अफगान युद्ध (1878-80)
- इसने सिविल सेवा परीक्षाओं में प्रवेश की अधिकतम आयु-सीमा 21 वर्ष से घटाकर 19 वर्ष कर दी।

**लॉर्ड रिपन (1880-1884)**

- पं. मदन मोहन मालवीय ने 1909 के कॉन्ग्रेस अधिवेशन में कहा कि रिपन भारतीय वायसरायों में सबसे अधिक लोकप्रिय था।
- अफगानिस्तान से संधि (1881)
- वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट रद्द (1882)
- श्रमिक सुधार के लिये प्रथम कारखाना अधिनियम (1881) पारित किया गया।
- मैसूर के शासक को गद्दी की वापसी (1881)
- वित्तीय विकेंद्रीकरण की नीति का नियमीकरण।
- स्थानीय स्वशासन संबंधी सरकारी प्रस्ताव (1882)
- सर विलियम हंटर की अध्यक्षता में हंटर आयोग की नियुक्ति (1882) जिसे 1854 के बाद देश में शिक्षा की दिशा में प्राथमिक व माध्यमिक स्तर पर किये गए, सुधार प्रयासों की समीक्षा करनी थी।
- इल्बर्ट बिल विवाद (1883-84)
- नियमित जनगणना की शुरूआत (1881)
- फ्लोरेंस नाइटिंगेल ने रिपन को 'भारत के उद्धारक' की संज्ञा दी।

**लॉर्ड डफरिन (1884-1888)**

- तृतीय आंग्ल-बर्मा युद्ध तथा बर्मा का अंतिम रूप से भारत में विलय।
- भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस की स्थापना 28 दिसंबर, 1885 में हुई।
- बंगाल टेनेन्सी एक्ट (1885) तथा पंजाब टेनेन्सी एक्ट (1887) पारित हुआ।
- नागरिक सेवा के विकास के लिये एचिसन आयोग भारत आया।

**लॉर्ड लैंसडाउन (1888-1894)**

- दूसरा कारखाना अधिनियम (1891) पारित हुआ।
- भारतीय परिषद् अधिनियम (1892) अस्तित्व में आया।
- डूरंड आयोग की स्थापना (भारत-अफगानिस्तान सीमा निर्धारण)
- 1891 में सम्मत आयु विवाह अधिनियम पारित हुआ।

Ranjeet Yadav Sir

- 1893 में अफीम आयोग का गठन

**लॉर्ड एल्गिन द्वितीय (1894-1898)**

- इसने घोषणा की कि " हमने भारत को तलवार के बल पर जीता है और तलवार के बल पर ही इसे अधीन रखेगें।"
- पूना में प्लेग का प्रकोप, चापेकर बंधुओं द्वार दो ब्रिटिश अधिकारियों की हत्या।
- अकाल की जाँच के लिये 'लायल आयोग' का गठन
- 1895 में भारतीय व्यय की जाँच के लिये 'वेल्बी आयोग' का गठन

**लॉर्ड कर्जन (1899-1905)**

- भारत का सबसे अलोकप्रिय वायसराय रोनाल्डसे ने कर्जन की जीवनी लिखी।
- कर्जन के कार्यो को आधार बताते हुए गोखले ने इनकों 'आधुनिक भारत का औरंगजेब' कहा।
- केंद्रीय गुप्तचर व्यवस्था की शुरूआत हुई।
- 1899 में भारतीय टंकण व पत्र मुद्रा अधिनियम के द्वारा पाउंड को भारत में मान्य घोषित किया
- 1900 में 'पंजाब भूमि अन्याक्रमण एक्ट' पारित किया जिससे किसानों की भूमि गैर कृषकों के पास न जाए।
- 1901 में भारत मे पहली बार जातिगत आधार पर जनगणना की गई।
- 1903 में पूसा में एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट की स्थापना की गई ।
- कर्जन 1903 में फारस गया और फारस -अफगान झगड़े को सुलझाने के लिये मैकमोहन को नियुक्त किया।
- 1904 में 'ऑफिशियल सीक्रेट एक्ट' को पारित कर सरकारी नियंत्रण को और बड़ा दिया।
- पुलिस प्रशासन के सुधार हेतु एंडयू फ्रेजर की अध्यक्षता में पुलिस आयोग का गठन 1902 किया।
- सर टॉमस रैले की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय आयोग की स्थापना 1902 तथा विश्वविद्यालय सुधार अधिनियम 1904 पारित।
- मॉनक्रीफ की अध्यक्षता में एक सिंचाई आयोग नियुक्त किया गया।
- उद्योग व वाण्ज्यि विभाग की स्थापना।
- प्राचीन स्मारम संरक्षण अधिनियम, 1904
- भारतीय पुरातत्त सर्वेक्षण विभाग की स्थापना
- सर एंटनी मैकडोनाल्ड की अध्यक्षता में एक अकाल आयोग का गठन
- तिब्बत में 'यंग हस्बैड मिशन' (1903-04)
- 1905 का बंगाल विभाजन


Ranjeet Yadav Sir

☞ मुख्य सेनापति किचनर से विवाद के कारण कर्जन ने अगस्त 1905 में त्यागपत्र दे दिया।

☞ कर्जन ऐसा वायसराय था जो अत्यधिक केंद्रीकरण व निरंकुश शासन का हिमायती था।

☞ भारत की शिक्षा व्यवस्था पर चोट करते हुए उसने कहा कि 'पूर्व एक ऐसा विश्वविद्यालय है जहा विद्यार्थी की कभी डिग्री नही मिलती।''

☞ कलकत्ता नगरपालिका की स्थिति पर व्यंग्य करते हुए इसने कहा कि ''मै वायसराय के बाद कलकत्ता का महापौर बनना चाहूँगाा।

☞ काँन्ग्रेस पर व्यंग्य करते हुए कहा कि '' कॉन्ग्रेस अब मरणशील है और मेंरी इच्छा है कि मै इसकी शांतिपूर्ण मृत्यु में सहयोग कर सकूँ।

**लॉर्ड मिंटो द्वितीय (1905-1910)**

☞ बंग-भंग विरोधी तथा स्वदेशी आंदोलन दबाने का प्रयास

☞ 'मुस्लिम लीग' की स्थापना (1906)

☞ खुदीराम बोस को फाँसी, बाल गंगाधार तिलक को राजद्रोह के आरोप में 6 वर्ष का कारावास

☞ भारतीय परिषद् अधिनियम 1909 अथवा मार्ले-मिन्टों सुधान अधिनियम पारित, जिसमें सांप्रदायिक निर्वाचन प्रणाली की शुरूआत हुई

☞ सूरत में क्रॉंन्ग्रेस का विभाजन (1907)

☞ 1908 का समाचार-पत्र अधिनियम पारित।

☞ वायसराय की कार्यकारिणी में पहला भारतीय सदस्य एम.पी.सिन्हा की नियुक्ति हुई।

**लॉर्ड हार्डिंग द्वितीय (1910-1916)**

☞ बंगाल विभाजन रद्द भारत की राजधानी का कलकत्ता से दिल्ली हस्तानांतरण, तृतीय दिल्ली दरबार (1911) का आयोजन

☞ 1912 में एंस्लिंगटन आयोग का गठन हुआ । इस आयोग ने नागरिक सेवाओं में 25 प्रतिशत भारतीयों को नियुक्ति की बात कही।

☞ 1913 में शिक्षा संकल्प प्रस्ताव लाया गया, जिसके तहत सरकार ने भारत में अशिक्षा को समाप्त करने का दायित्व लिया।

☞ 1914 को प्रथम विश्वयुद्ध प्रारंभ हुआ।

☞ मदन मोहन मालवीय द्वारा 'अखिल भारतीय हिन्दू महासभा' की स्थापना (1915)

☞ मदन मोहन मालवीय द्वारा बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना (1916)

**लॉर्ड चेम्सफोर्ड (1916-1921)**

☞ होमरूल लीग की स्थापना (1916) कॉन्ग्रेस का लखनऊ अधिवेशन (1916)

Ranjeet Yadav Sir

- कॉन्ग्रेस व मुस्लिम लीग के मध्य लखनऊ समझौता (1916)
- साबरमती आश्रम की स्थापना (1917) , चंपारण आंदोलन (1917), खेड़ा सत्याग्रह (1918)
- मॉण्टेग्यू-चेम्सफोर्ड की घोषणाएँ (1917), भारत शासन अधिनियम (1919), रौलेट एक्ट (1919) जलियाँवाला बाग हत्याकांड (1919)
- प्रांतो में द्वैध शासन प्रारंभ
- असहयोग एवं खिलाफत आंदोलन प्रारंभ (1920)
- पूना में डी.के. कर्वे द्वारा महिला विश्वविद्यालय की स्थापना (1916) सैडलर कमीशन की नियुक्ति (1917) जिसमें दो भारतीय सर आशुतोष मुखर्जी व जियाउद्दीन अहमद थे।
- एंग्लों मोहम्मडन ओरिएण्टल कॉलेज का नाम 1920 में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय कर दिया गया।
- बाल गंगाधर तिलक की मृत्यु (1 अगस्त, 1920)

**लॉर्ड रीडिंग (1921-1926)**

- चौरी-चौरा प्रकरण (5 फरवरी 1922) के बाद असहयोग आंदोलन को वापस लिया गया।
- एकमात्र यहूदी वायसराय
- केरल का मोपला विद्रोह (1921)
- 1910 के प्रेस एक्ट एवं 1919 के रौलैट एक्ट की वापसी
- 1921 में प्रिंस ऑफ वेल्स का भारत आगमन
- काकोरी ट्रेन डकैती (1925)
- स्वामी श्रद्धनंद की हत्या (1926)
- सी. आर. दास तथा मोतीलाल नेहरू द्वारा स्वराज पार्टी की स्थापना (1923)
- ICS की परीक्षा दिल्ली व लंदन में एक साथ कराने का निर्णय (1923)
- अकाली आंदोलन एवं गुरूद्वारा एक्ट
- एकवर्थ समिति का गठन किया गया और इसकी इसकी अनुशंसा पर रेल बजट को आम बजट से अलग कर दिया।
- सैन्य सुधारों के लिये सैण्डहर्स्ट की अध्यक्षता मे समिति गठित हुई। इसमें मोतीलाल नेहरू भारतीय सदस्य बने।
- 1924 में ली आयोग ने अपनी रिपोर्ट मे यह सिफारिश की कि भारत अधिनियम, 1919 के अंतर्गत विचार किये गए संविधिक लोक सेवा आयोग की स्थापना बिना किसी देरी के की जाए।

Ranjeet Yadav Sir

**लॉर्ड इरविन (1926-1931)**

- साइमन कमीशन का भारत आगमन (1928) जिसका भारतीयों द्वारा तीव्र विरोध किया गया।
- क्राँगेस के सर्वदलीय सम्मेलन में नेहरू रिपोर्ट की प्रस्तुति (1928)
- देशी रियासतों के संबध में हाटोग बटलर समिति की नियुक्ति (1927)
- लाहौर के सहायक पुलिस अधीक्षक सांडर्स की हत्या, दिल्ली विधानसभा के कक्ष में बम विस्फोट (1929) लाहौन षड्यंत्र केस तथा लंबे उपवास के कारण जतिन दास की मृत्यु (1929)
- लाहौर अधिवेशन में पूर्ण स्वराज का प्रस्ताव पारित (1929)
- कृषि से संबधित रॉयल कमीशन का गठन तथा इसकी अनुशंसा पर 'इपीरियल काउसिंल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च' 1929 की स्थापना
- 1926 में प्रथम ट्रेड अधिनियम पारित जिसमें हड़ताल को वैध माना गया।
- 1930 में शारदा अधिनियम लागू हुआ। (विवाह की उम्र - लड़कों के लिये 18 वर्ष, लड़कियों के लिये 14 वर्ष)
- सविनय अवज्ञा आंदोलन आरंभ व दांडी यात्रा प्रारंभ (1930)
- प्रथम गोलमेज सम्मेलन का कॉन्ग्रेस द्वारा वहिष्कार (1930)
- गॉधी -इरविन समझौता (1931) तथा सविनय अवज्ञा आंदोलन स्थगित और कॉन्ग्रेस द्वारा द्वितीय गोलमेज सम्मेलन में भाग लेने का निर्णय।

**लॉर्ड वेलिंग्टन (1931-1936)**

- द्वितीय गोलमेज सम्मेलन 1931 जिसमें कॉन्ग्रेस ने गांधी को एकमात्र प्रतिनिधि बनाकर भाग लिया।
- 1932 में भारतीय सेना अकादमी की स्थापना (देहरादून)
- 1932 में तत्कालिक ब्रिटिश प्रधानमंत्री रैम्से मैकडोनाल्ड के 'सांप्रदायिक पंचाट' की घोषणा।
- पूना पैक्ट 1932
- तृतीय गोलमेज सम्मेलन 1932
- भारत शासन अधिनियम 1935
- 1935 के अधिनियम में बर्मा को भारत से अलग करने का प्रावधान किया गया।
- 1936 में अखिल भारतीय किसान सभा की स्थापना
- 1394 में आचार्य नरेंद्र देव व जय प्रकाश नारायण द्वारा कॉँन्ग्रेस समाजवादी पार्टी की स्थापना।

**लॉर्ड लिनलिथगो (1936-1944)**

- प्रांतीय चुनाव (1936-37) कॉन्ग्रेस ने ग्यारह में से आठ प्रांतों में ( 6 में पूर्ण बहुमत से तथा 2 में समर्थन से) अपनी सरकार बनाई।



Ranjeet Yadav Sir

- ☞ द्वितीय विश्व युद्ध प्रारंभ (1939)
- ☞ कॉन्ग्रेस की प्रांतीय सरकारों द्वारा त्यागपत्र (1939)
- ☞ कॉन्ग्रेस के हरिपुरा अधिवेशन 1938 में सुभाष चंद्र बोस अध्यक्ष बने।
- ☞ कॉन्ग्रेस का त्रिपुरी संकट, सुभाष चंद्र बोस का कॉन्ग्रेस से त्यागपत्र तथा फारवर्ड ब्लॉक की स्थापना
- ☞ सुभाष चंद्र बोस का भारत से पलायन (1941)
- ☞ आजाद हिंद फौज की स्थापना (1943)
- ☞ 8 अगस्त, 1940 की वायसराय द्वारा 'अगस्त प्रस्ताव' घोषित किया गया था।
- ☞ गांधीजी का पवनार आश्रम से व्यक्तिगत सत्याग्रह प्रारंभ (1940)
- ☞ क्रिप्स मिशन का भारत आगमन, भारत छोड़ो आंदोलन प्रारंभ (1942)
- ☞ मुस्लिम लीग का कराची अधिवेशन (1943) बाँओ और छोड़ो का नारा दिया।

**लॉर्ड वेवेले (1944-1947)**

- ☞ श्री राजगोपालाचारी द्वारा सी.आर फॉर्मला प्रस्तुत किय गया (1944) गांधी-जिन्ना की वार्ता असफल (1944)
- ☞ वेवेल योजना व शिमला सम्मेलन (1945)
- ☞ द्वितीय विश्व युद्ध समाप्त (1945)
- ☞ कैबिनेट मिशन का भारत आगमन (1946) मिशन के सदस्य- स्टैफोर्ड क्रिप्स, पेथिक लारेंस व ए. वी. अलेक्जेडर
- ☞ मुस्लिम लीग द्वारा प्रत्यक्ष कार्रवाई दिवस (16 अगस्त, 1946)
- ☞ कॉन्ग्रेस द्वारा अंतरिम सरकार की स्थापना (सितंबर 1946) इस सरकार के अध्यक्ष वेवेल व उपाध्यक्ष नेहरू बने।
- ☞ ब्रिटेन के प्रधानमंत्री क्लीमेंट एटली ने भारत को स्वतंत्र करने की घोषणा की (20 फरवरी 1947)

**लॉर्ड माउंटबेटन (1947-1948)**

- ☞ स्वतंत्र भारत के प्रथम गवर्नर जनरल एवं अंतिम ब्रिटिश वायसराय
- ☞ भारत विभाजन के संदर्भ में पहले बाल्कन प्लान को विचार दिया, किंतु इसे नहीं स्वीकार गया।
- ☞ ब्रिटेन के हाऊस ऑफ कॉमंस ने भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम प्रस्तुत एवं पारित।
- ☞ भारत को पूर्ण स्वतंत्रता एवं भारत का विभाजन (15 अगस्त, 1947)
- ☞ 14 अगस्त को पाकिस्तान तथा 15 अगस्त को भारत स्वतंत्र हुआ।
- ☞ महात्मा गांधी की हत्या।

Ranjeet Yadav Sir

**चक्रवर्ती राजगोपालाचारी (1948-1950)**

☞ स्वतंत्र भारत के प्रथम और अंतिम भारतीय गवर्नर जनरल।

Ranjeet Yadav Sir